# घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक, बस और स्कॉर्पियो भी दुर्घटनाग्रस्त



**सतना।** पिछले कुछ घंटों के दौरान सतना और चित्रकूट क्षेत्र में तीन प्रमुख सड़क हादसे सामने आए हैं। इन दुर्घटनाओं में कहीं तेज रफ्तार ने कहर बरपाया,तो कहीं तकनीकी खराबी हादसे का कारण बनी। राहत की बात यह रही कि किसी भी हादसे में जानमाल का भारी नुकसान नहीं हुआ है।

अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा,पिता-पुत्री घायल

जैतवारा थाना अंतर्गत कोठी रोड स्थित चिल्ला गांव में एक तेज रफ्तार ट्रक का पट्टा टूटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा। ट्रक चंद्रभान जाटव और गिरजा प्रसाद जाटव के मकानों में जा घुसा। हादसे में बैजनाथ जाटव और उनकी पुत्री ज्योति जाटव घायल हो गए हैं,जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थाना प्रभारी अभिषेक पांडेय ने



बताया कि क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकालकर जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुल के पास पलटी यात्रियों से भरी बस

मझगवां थाना क्षेत्र के हजारा पुल के पास 'नफीस' ट्रेवल्स की एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई।बस पलटने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।हालांकि,किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मझगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों की मदद की।

### जानकी कुंड ट्रस्ट की बाउंड्री से टकराई स्कॉर्पियो

चित्रकूट के तुलसी मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड की बाउंड्री वॉल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

## खबर संक्षेप

### बड़ी वारदात की साजिश नाकामः अवैध कट्टा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के दौरान चित्रकूट पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर किसी संभावित घटना को होने से पहले ही रोक दिया। आरोपी मोहम्मद फारूक राहगीरों को डराने-धमकाने का काम कर रहा था। सउनि शारदा प्रसाद सोनवंशी को भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि टाठी घाट मोड़ के पास एक युवक हाथ में कट्टा लेकर घूम रहा है।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भाग रहे मोहम्मद फारूक 24 वर्ष,निवासी जवान सिंह कॉलोनी सतना को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक 315 बोर का देशी कट्टा और जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।आरोपी के पास से बरामद हथियार की कुल कीमत 20,000 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी सहित साइबर सेल और स्थानीय स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### मप्र -यूपी बॉर्डर पर अवैध शराब की भट्टी पर छापा, 70 लीटर कच्ची शराब जब्त

**सतना।** अवैध शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चित्रकूट थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित ग्राम लोसरिया में बड़ी दबिश दी।पुलिस ने मंदाकिनी नदी के किनारे चल रही अवैध शराब की भट्टी को नष्ट कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 12 जनवरी को उपनिरीक्षक बी.व्ही. टाण्डिया को सूचना मिली कि ग्राम लोसरिहा में नदी किनारे अवैध रूप से महुआ की कच्ची शराब बनाई जा रही है। पुलिस टीम ने मौके पर रेड मारी,जहाँ आरोपी जगदीश निषाद 40 वर्ष शराब बनाने के उपकरणों के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 4 डिब्बों में भरी कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की,जिसकी बाजार कीमत लगभग 14,000 रुपये है।आरोपी के पास शराब निर्माण या बिक्री से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया है। चित्रकूट थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## तारीख आ गई, फिर भी धान की तौल नहीं

### शारदा विपणन सेवा सहकारी समिति मैहर पर गंभीर सवाल

**मैहर।** मैहर मे धान उपार्जन को लेकर मैहर में सरकारी तैयारियों की पोल खुल गई है। धान उपार्जन वर्ष 2025-26 की खरीदी की अंतिम तिथि आ जाने के बाद भी किसानों की तौल नहीं हो सकी,जिससे किसानों में भारी आक्रोश हैं। यह गंभीर लापरवाही शारदा विपणन सेवा सहकारी समिति मर्या.मैहर के अंतर्गत संचालित खरीदी केंद्र पर सामने आई है। बताया जा रहा है कि सरकारी आदेश के अनुसार किसान को 5 जनवरी से 14 जनवरी तक धान तौल कराने का समय दिया गया था।



किसान तय समय पर खरीदी केंद्र पहुंचे,लेकिन कभी मशीन खराब होने,कभी कर्मचारियों की कमी और कभी सर्वर डाउन का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दिया गया। नतीजा यह कि किसान नियमों का पालन करता रहा और सिस्टम अपनी जिम्मेदारी से भागता रहा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसान समय पर केंद्र पर पहुंचा तो तौल क्यों नहीं हुई? क्या शारदा विपणन सेवा सहकारी समिति की अव्यवस्था का खामियाजा किसान भुगतेगा।

## चित्रकूट पुलिस ने नशे के सौदागर को दबोचा, 51 शीशी कोरेक्स बरामद

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक नशीली कफ सिरप तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### घटना का विवरण

12 जनवरी को उपनिरीक्षक नेहा ठाकुर को सूचना मिली कि सती अनुसुइया रोड पर एक युवक स्कूटी MP19 MZ 1251 की डिग्गी में कोरेक्स छिपाकर बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी योगेन्द्र उर्फ ईशू कुशवाहा 25 वर्ष,निवासी कोतवाली सतना को पकड़ा। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिग्गी से 51 शीशी नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) बरामद हुई,जिसकी कीमत लगभग 8670 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट और म.प्र.ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने नशीली सिरप के साथ 1 लाख रुपये कीमत की स्कूटी भी जब्त की है। थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

## युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार योगाभ्यास व रन फार स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन



**सतना।** स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय मझगवां (जिला सतना) में युवाओं को प्रेरित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार योगाभ्यास और रन फॉर स्वदेशी का विशेष आयोजन हुआ,जिसमें महा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के आदर्शों-आत्मविश्वास,राष्ट्रभक्ति,शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा स्वदेशी अपनाने की भावना-को युवा पीढ़ी में जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सूर्य नमस्कार के माध्यम से छात्रों ने योग की महत्ता को अनुभव किया,जबकि रन फॉर स्वदेशी दौड़ ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग,आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा और राष्ट्र निर्माण के प्रति संकल्प को मजबूत किया। यह आयोजन पूरे देश में मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस के अनुरूप था,जहां स्कूल-कॉलेजों में योगासन,दौड़ और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं।

## मैहर के डेल्हा मोड़ पर ट्रक ने राहगीर को कुचला

**मैहर।** मैहर के डेल्हा मोड़ पर एक बार फिर तेज़ रफ्तार और ओवरलोड ट्रक ने एक राहगीर को कुचल दिया,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। हालां कि पुलिस ने समय रहते जाम खुलवा दिया था लेकिन यह कोई पहली घटना नहीं है,बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का खौफनाक नतीजा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डेल्हा मोड़ सहित मैहर की सड़कों पर बेलगाम ओवरलोड वाहन रोज़ मौत बनकर दौड़ रहे हैं। कई बार शिकायतें की गईं,ज्ञापन सौंपे गए,लेकिन प्रशासन और पुलिस मौन साधे बैठी रही। नतीजा आज फिर एक निर्दोष राहगीर की जान चली गई। घटना के बाद लोगों के बीच आक्रोश है कि क्या सड़कों पर हो रही ये मौतें हादसा हैं या प्रशासनिक हत्या।

### ओवरलोड वाहनों को खुली छूट किसके संरक्षण में मिल रही है?

सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन ओवरलोड वाहनों को पुलिस ने सड़क किनारे कतार में खड़ा करवा रखा है,क्या वे सिर्फ दिखावे के लिए हैं?या फिर उन पर वास्तव में कोई ठोस कार्रवाई होगी? स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यदि समय रहते ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाती तो आज यह हादसा नहीं होता।लोगों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा ऐसे हादसे थमने वाले नहीं है।



## ग्राम पंचायत तिलौरा से राष्ट्रीय स्तर का सफर

**मैहर।** मैहर जिले के एक छोटे से गांव तिलौरा से निकली उन्नति पाण्डेय ने पूरे जिले का मान देश प्रदेश में बढ़ाया है। कहते है न प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त कर लेती है। इस सुयश को लेकर कांग्रेस नेता रामनिवास उर्मालिया के कहा कि उन्नति ने आज जो काम किया है उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं आज हम सभी मैहर वासी उन्नति के उज्जवल भविष्य की कामना करते है ,साथ ही राष्ट्रीय स्तर की टीम ने चयन की बधाई और शुभकामना देते है। मैहर माई की नगरी है यहां सभी के पुण्य प्रताप से प्रतिभाओं की कमी नही है

## घुनवारा की बुनियादी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में ग्रामीणों का प्रदर्शन

### प्रभात द्विवेदी के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन, एसडीएम ने दिया समाधान का आश्वासन



**मैहर।** घुनवारा गांव मे लंबे समय से चली आ रही बुनियादी समस्याओं और काबिज स्थल के पट्टे को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी दद्दा ने किया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रशासन का ध्यान गांव की मूलभूत गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित किया और अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, ग्राम घुनवारा नई बस्ती वार्ड क्रमांक 02 में निवास लोगों को पट्टे दिए जाने की मांग के साथ-साथ श्मशान घाट पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। बस्ती के अंदर पर्याप्त संख्या में बोर और स्थापित बोर में समरसेबल ना होने की वजह से बस्ती के अन्दर पेयजल का गंभीर संकट हमेशा बना रहता है। मुक्ति धाम भी जल संकट के आभाव में अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही मवेशियों के लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर हैंडपंप अथवा अन्य जलस्रोत स्थापित किए जाने की मांग की है। एसडीएम दिव्या पटेल ने ग्रामीणों से मुलाकात कर प्रभात दुवेदी के हाथो से ज्ञापन प्राप्त किया और पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्रता के साथ सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई कराने की बात कही।

## संघ को समझने के लिए शाखा आना आवश्यक यह व्यक्ति निर्माण की अभिनव पद्धतिः प्रवीण

### मझगंवा खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल युवा सम्मेलन संपन्न

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मझगंवा खंड द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक विशाल 'युवा सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ को केवल पुस्तकों या व्याख्यानों के माध्यम से नहीं समझा जा सकता। यदि संघ के वास्तविक स्वरूप और कार्यपद्धति को जानना है,तो नियमित रूप से शाखा आना अनिवार्य है। व्यक्ति निर्माण के 100 वर्ष श्री गुप्त ने कहा कि संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की एक अभिनव पद्धति है,जो पिछले 100 वर्षों से निरंतर राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है।उन्होंने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए




बताया कि किसी भी सकारात्मक कार्य की शुरुआत में उपेक्षा और विरोध होता है, लेकिन अंततः समाज उसे स्वीकार करता है। आज देश के कोने-कोने में संचालित 80 हजार से अधिक शाखाएं इसी सामाजिक स्वीकार्यता का परिणाम हैं। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर बल स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि स्वामी जी ने युवाओं को 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुकने' का मंत्र दिया था। संघ उन्हीं के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने का कार्य कर रहा है। शताब्दी वर्ष और 'पंच परिवर्तन' का संकल्प संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री गुप्त ने समाज परिवर्तन के लिए 'पंच परिवर्तन' पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे निम्नलिखित पांच विषयों को अपने जीवन और समाज में उतारें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.आलोक चौबे ने की। मंच पर सतना के जिला कार्यवाह संतोष कुमार गुप्त भी उपस्थित रहे। एक दिवसीय सम्मेलन में बौद्धिक सत्र के साथ-साथ शारीरिक खेल,सांस्कृतिक कार्यक्रम और संघ की कार्यपद्धति पर समूह चर्चा (डिस्कशन सत्र) का आयोजन हुआ।

## रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़े, अब 27 फरवरी तक चलेगी

**सतना। रेल यात्रियों की बढ़ती सुविधा और यात्रा की मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच चलने वाली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरों में विस्तार करने का निर्णय लिया है। पूर्व में 16 जनवरी तक निर्धारित इस ट्रेन की अवधि को अब 7-7 फेरे बढ़ाकर फरवरी अंत तक कर दिया गया है।**

### संशोधित समय सारणी और अवधि

अब यह स्पेशल ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरुवार को 26 फरवरी तक और मुंबई (सीएसएमटी) से प्रत्येक शुक्रवार को 27 फरवरी तक अपनी सेवाएं देगी। गाड़ी संख्या 02187 (रीवा से सीएसएमटी) प्रत्येक गुरुवार दोपहर 15:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे मुंबई पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 02188 (सीएसएमटी से रीवा) प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शनिवार सुबह 09:45 बजे रीवा पहुँचेगी।

### प्रमुख स्टेशन और कोच संरचना

यह ट्रेन अपनी यात्रा के दौरान सतना,मैहर,कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर,गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, नासिक, इगतपुरी, कल्याण और दादर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे,जिनमें वातानुकूलित प्रथम,द्वितीय और तृतीय श्रेणी के साथ-साथ 12 शयनयान (स्लीपर), 4 सामान्य श्रेणी और 2 एसएलआर कोच शामिल हैं। यात्री विस्तृत जानकारी और बुकिंग के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या एनटीईएस ऐप की मदद ले सकते हैं।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय रैगांव में युवा दिवस पर हुआ सूर्य नमस्कार

**सतना।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय रैगांव में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विनीता खरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को योग और सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक मोहम्मद अजीम,रत्नेश मिश्रा,उमेश द्विवेदी,रविंद्र सिंह,लक्ष्मी सिंह बघेल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सूर्य नमस्कार के माध्यम से छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का संदेश देते हुए युवाओं को देश निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



## खबर संक्षेप

### विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



पन्ना। विद्या की धरा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में एक हिन्दू संन्यासी व आध्यात्मिक गुरु श्री स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर समिति सदस्यों द्वारा तिलक वंदन व पुष्प अर्पण किये गए। मां वीणावादनी की वंदना उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ द्य सर्वप्रथम सामूहिक वन्दे मातरम् गीत गया, इसके उपरांत मेरा मध्यप्रदेश गीत हुआ द्य विद्यालय के योगाचार्य के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, योग व प्राणायाम हुआ। विद्यालय के भैया-बहनों ने अपने वक्तव्यों में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्रों का व्याख्यान किया। विद्यालय के अध्यक्ष रामखिलावन बागरी जी ने स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए गए मार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के आचार्य व प्राचार्य जी ने भी भैया-बहनों को स्वामी विवेकानंद जी गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। परिषद् प्रतिनिध अरुण सिंह ने स्वामी जी जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन श्रीमती अनुप्रिया जैन जी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रामखिलावन बागरी (अध्यक्ष), शैलेश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), फूलचंद्र विश्वकर्मा (सदस्य), अरुण सिंह (परिषद प्रतिनिधि), पूरन सिंह राजपूत (प्राचार्य), शिवेंद्र नामदेव(प्रधानाचार्य), आचार्य, दीदियां, भैया, बहिन, आचार्य सहायक, वाहन चालक, परिचालक, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कायाकल्प असेसमेंट में की व्यवस्थाओं की जांच

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना में मंगलवार को कायाकल्प पियर असेसमेंट के तहत राज्य स्तरीय कायाकल्प असेसर डॉ. अरूणेन्द्र शुक्ला एवं डॉ. अमित प्रकाश जैन द्वारा साफ-सफाई, सुरक्षा एवं उपचार की गुणवत्ता इत्यादि की जांच कर स्टॉफ का इंटरव्यू लिया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता एवं क्वालिटी नोडल ऑफिसर डॉ. स्मृति गुप्ता सहित आरएमओ डॉ. सौरभ त्रिपाठी, सहायक क्वालिटी नोडल ऑफिसर डॉ. शोभित तिवारी, सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, जिला क्वालिटी मॉनिटर लवली सोनी, मेट्रन गीता श्रीवास्तव, इंटरनल असेसर एंजलीना गुप्ता, निधि गुप्ता, लक्ष्मी लोधी, स्टूवर्ड आर.के. सोनी एवं अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## दुकानदारों एस.डी.एम. के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# मकर संक्रांति पर्व पर अजयपाल की नगरी अजयगढ़ में लगने वाले मेले में बाहरी दुकानदारों से दुकान आवंटन के नाम पर अवैध वसूली

**पन्ना। प्राचीन समय से मकर सक्रांति के पर्व में महाराज अजयपाल की नगरी अजयगढ़ में विषाल मेला लगता है। जो प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व से तैयारियों को लेकर माना जा रहा था। वहीं मेला बाहरी दुकानदार जो अपनी दुकान लगाने को लेकर आये वहीं दुकान लगाने को लेकर दुकानों के आवंटन के नाम पर दलाली की जा रही है तथा अवैध वसूली की जा रही है जो भी फ्रंट की दुकान है कहा जा रहा है कि सभी पूर्व से बुक हो चुकी है और जो भी दुकानदार 5000 रूपये से 7000 रूपये देते है उनके लिए दुकानें तुरंत प्राप्त करा दी जाती है। खाली है और यदि कम पैसे दिये जाते है तो कहा जाता है कि पीछे मिलेगी। जिसके चलते दुकान बनाने से पहले अपनी दुकान का सामान जिस स्थान पर रखा हुआ था उसी स्थान पर दुकान देने की बात कही गई थी किन्तु अब कहा जाता है कि यहां दुकाने नहीं मिलेगी।** अपना सामान उठाकर अन्य किनारे पर ले जाओ। इस प्रकार से भारी धांधली दुकानों के अंवटन के नाम पर की जा रही दलाली तथा मनमानी का आरोप बाहरी दुकानदारों ने



जहां लिखित में एस.डी.एम के नाम तहसीलदार अजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब बात यह है कि प्राचीन संस्कृति जो मकर सक्रांति में मेले को लेकर जानी जाती है अगर इसमें स्थानीय प्रषासन द्वारा भेद भाव किया जायेगा तो निष्चितौर पर कहीं न कहीं मेले के आयोजन को लेकर सवाल तो खड़े होगें ही। आखिर स्थानीय प्रषासन को जहां मेला ग्राउण्ड में दुकानों के आवंटन को लेकर पारदर्षिता रखना लाजमी है। वहीं बाहरी दुकानदार भले ही इस मेले में माने जाये पर आसपास के लोग जहां इस मेले में दुकान लगाने को लेकर आते है तथा मेला परिसर में सभी एक माने जाते है। आखिर जब भेदभाव होगा तो बाहर से आने वाले दुकानदार आखिर क्यों यहां मेला में दुकान लेकर आयेगें। जो कहीं न कहीं विषाल मेले का जो रूप माना जाता है उसमें भी आने वाले समय में प्रभाव जरूर जाना जायेगा। देखना यह है कि प्रषासन के जिम्मेदार लोग क्या इस ज्ञापन के बाद पारदर्षिता को ध्यान में रखते हुए सभी दुकानदारों को बिना भेदभाव के दुकान आंवटन की कार्यवाही को अंजाम देते है कि नहीं। यह ज्ञापन विगत दिवस सौंपा गया है। जहां एसडीएम अजयगढ़ के नाम ज्ञापन में उल्लेख किया गया है जिसको लेकर जिम्मेदारी के रूप में अजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी ही कहीं न कहीं सभी दुकानदारों के लिए पारदर्षिता तरीके से दुकानों के आवंटन को लेकर कार्यवाही को अंजाम दिला सकते है।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नपा पार्षदों ने गंदे पानी की बाटल सीट में ही उनके कार्यालय में दिखाकर समाधान की मांग की

पन्ना। अब साफ पानी को लेकर ही पक्ष व विपक्ष की नजर बनी हुई है। सम्पूर्ण मध्यप्रदेष में इंदौर की घटना के बाद संवेदनषीलता चल पड़ी है। इसी क्रम में पन्ना नगर पालिका में कांग्रेस पार्टी के युवा नेता जो नगर पालिका में पार्षद भी है जिन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना के कार्यालय में पहुंचकर उनकी सीट में ही उन्हें गंदे पानी की वाटल भेंट करते हुए साफतौर पर कहा कि या तो चलकर देखे किस तरह से पानी आ रहा है तीन दिवस के अंदर अगर समाधान नहीं कर सकते है तो नगर पालिका का घेराव किया जायेगा। जिसको लेकर जिम्मेदार नपा प्रषासन ही होगा। निष्चितौर पर जिस तरह से इंदौर में दूषित व गंदे पानी के पीने से लोगों की मौत के हालात तय हुए है जिसको ध्यान में रखकर पन्ना नगर में भी इन पार्षदों ने जो संवेदनषीलता दिखाई है वह



निष्चितौर पर साफ पानी प्रदान करने को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग कर रहे थे जिन्होंने साफतौर पर कहा कि क्या इंदौर जैसी घटना को आमत्रण देना माना जाये। या फिर आप इसका समाधान करेगें। हमारे साथ चले किस तरह से यह पानी प्रदान किया जा रहा है। आखिर इसका समाधान कराये जाने को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को साफ शब्दों में कहा गया है कि समाधान तीन दिवस के अंदर कराये वरना नगर पालिका का किया जायेगा घिराव। अब देखना यह है कि जहां यह गंदा पानी पिलाया जा रहा है वहां स्वच्छ पानी पिलाये जाने को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा समाधान के द्वारा कार्यवाही को अंजाम देने में सफलता सामने आती है कि नहीं यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा।

## लखपति दीदी के हौसलों की उड़ान कार्यक्रम सम्पन्न

**पवई।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पवई द्वारा लखपति दीदी योजना अंतर्गत हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय हौसलों की उड़ान कार्यक्रम के पहले दिन लखपति दीदियो का जनप्रतिनिधियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम का परिचय श्रीमती माया नामदेव समता समन्वयक द्वारा दिया गया।कार्यक्रम मे लखपति दीदियो ने अपनी अपनी गतिविधि संचालन की जानकारी दिया। रामबाई दीदी खतवार, अफसाना दीदी कृष्णगढ़, प्रीति दीदी मोहन्द्रा, श्री बाई दीदी बिल्हा और शीला बाई दीदी बिरसिंहपुर द्वारा लखपति बनने के सफर को बताते हुए लिए गए ऋण और वापसी तथा आमदनी के बारे मे एक एक करके बताया।कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष पवई सुश्री निधि पटैरिया द्वारा महिलाओ को सम्बोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के उदाहरण देते हुए शासन की महिला हितैसी योजना के बारे मे बताया गया। जनपद



उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह द्वारा सम्बोधित करते हुए महिलाओ को समझाया गया की आमदनी कमाने मे कभी संतोष नहीं करना चाहिए।विभिन्न गतिविधियों से आय अर्जित करने की भूख हमेशा बढ़ते रहना चाहिए। ताकि परिवार का और अधिक विकास हो सके। जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा द्वारा सम्बोधित करते हुए बोला गया की महिलाये अपने हौसलों की उड़ान भरे। महिलाये आगे आये। जहा भी जरुरत जनपद अध्यक्ष की महसूस हो वह सहयोग के लिए संपर्क कर सकती है। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए आजीविका मिशन के कार्यों की सराहना किया। कार्यक्रम मे लखपति दीदियो को प्रमाण पत्र और सील्ड वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पवई मे किया गया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष बीजेपी पवई, जनपद पंचायत के विभिन्न वार्डो के सदस्यो के साथ साथ ग्रामीण समूहों की सैकड़ो महिलाये उपस्थित रही। कार्यक्रम के सफल संचालन मे विकासखंड प्रबंधक, सहायक विकासखंड प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, सीआरपी दल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## युवा शक्ति मदद के हाथ से बुजुर्गों को कंबल मिलते ही चेहरों पर बिखेरी मुस्कान



**पन्ना।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय युवा शक्ति (मदत के हाथ) संस्था द्वारा इस वर्ष भी सेवा भाव के अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन छतैनी, नवस्ता, गुलाबीपुरवा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक रामपाल भाईसाब द्वारा किया गया। संस्था द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत छतैनी, नवस्ता एवं गुलाबीपुरवा में जरूरतमंद बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग एवं विधवा महिलाएं उपस्थित रहीं, जिनके चेहरों पर कंबल पाकर खुशी और संतोष साफ झलकता दिखाई दिया।

**नशा मुक्त क्षेत्र और शिक्षा पर दिया गया संदेश-**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक रामपाल लोधी जी ने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने तथा युवाओं को शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए युवाओं का शिक्षित होना और नशे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर युवा शक्ति (मदत के हाथ) के फाउंडर शुभम सिंह राजपूत सहित महेंद्र सिंह लोधी जी, धर्मेंद्र लोधी जी, हीरामन लोधी जी, अमर जी, प्रकाश पटेल जी, विजय जी, सतीश जी, सौरभ जी, रतन जी तथा संगठन के अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेवकों ने कंबल वितरण में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। स्थानीय ग्रामीणों ने युवा शक्ति (मदत के हाथ) के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य लगातार करते रहने का संकल्प लिया गया।

## मकर संक्रांति पर गौ सदन में होगा खिचड़ी कार्यक्रम

### गौ माता को खिचड़ी और गुड़ खिलाकर ले पुण्य लाभ



**पवई।** मकर संक्रांति के अवसर पर देश प्रदेश सहित जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत पवई नगर से 7 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौ सदन में संचालित गौशाला में एक अद्भुत,अलौकिक और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गौशाला में निवासरत लगभग 5000 गौवंश को सनातन परंपरा को जीवित रखने हेतु पारंपरिक खिचड़ी एवं शुद्ध गुड़ से बने स्वादिष्ट लड्डु खिलाने का रखा जा रहा है। गौशाला प्रबंधन समिति के द्वारा सभी नगर वासियों से मकर संक्रांति के दिन गौशाला आकर अपने हाथों से गौ माता को खिचड़ी और गुड़ खिलाने साथ ही स्वयं प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें की यह केवल धर्म नहीं बल्कि गौ सेवा परंपरा और पुण्य का अद्भुत संगम है। इस कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1रू00 बजे से किया जाएगा।

### रैपुरा मेले में मानवता हुई शर्मसार

## चोरी के शक में अधेड़ को पाइप से बांध कर बनाया बंधक, पुलिस घंटों बाद पहुंची



**अमानगंज।** रैपुरा में आयोजित सात दिवसीय मेले के दौरान एक शर्मनाक और अमानवीय घटना सामने आई। चोरी के संदेह में कुछ लोगों ने एक अधेड़ व्यक्ति को पाइप के सहारे रस्सियों से बांध दिया और कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा। मेले जैसे सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले आयोजन में हुई इस घटना ने समाज की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेले में लगातार हो रही चोरियों की अफवाहों के बीच भीड़ ने कानून को अपने हाथ में ले लिया। बिना किसी ठोस सबूत के अधेड़ व्यक्ति को पकड़कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। सूचना मिलने के बावजूद पुलिस काफी देर बाद मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अपने कब्जे में लिया।घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि संदेह के आधार पर किसी को सजा देना न केवल अपराध है, बल्कि मानवता के खिलाफ भी है। सवाल यह है कि क्या कानून व्यवस्था की सुस्ती भीड़ को न्यायाधीश बनने का अवसर दे रही है

## हिंदू सम्मेलन समिति की बैठक हुई संपन्न आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा

**अमानगंज।** नगर में हिंदू सम्मेलन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जो बार्ड नम्बर पांच झरिएन धाम मंदिर में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान आगामी सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रमों की रूपरेखा, तिथियों का निर्धारण, आयोजन स्थल, व्यवस्थाएं एवं जनसहभागिता बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां भी समिति सदस्यों को सौंपी गईं।समिति पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से आपसी सहयोग एवं अनुशासन बनाए रखते हुए कार्यक्रमों को भव्य और सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक के सफल आयोजन पर समिति सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।



# याद किए गए स्वामी विवेकानंद जी




### सीएम राईज कन्या उमावि में आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग मार्गदर्शन में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आज 12 जनवरी को हर शिक्षण संस्थानों की तरह सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में योग कार्यक्रम युवा दिवस के विशेष मौके पर आयोजित किया गया। जहां महान युग परिवर्तक स्वामी विवेकानंद जी को याद किया गया। आरंभ में मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं रोरी पुष्प हार अर्पण करने के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। तदुपरांत विद्यालय प्राचार्य मनीष कुमार रेजा द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। निर्धारित समय अनुसार ठीक 9:30 बजे रेडियो लाइव प्रसारण के साथ सामूहिक रूप से छात्राओं और शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम प्रारंभ किया गया। जिसमें 12 प्रकार के आसनों के साथ सूर्य नमस्कार हुआ और अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित विभिन्न प्राणायाम किए गए। तदुपरांत आयोजन के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी वीरू भैया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए एक निश्चित लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। इसी तरह पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल जी रावत ने अपनी बात रखी और कार्यक्रम में योग गुरु अरविंद जी गोस्वामी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपना लक्ष्य मजबूत कर अपने जीवन को मजबूत बनाने की प्रेरणा दी । कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय अमित द्विवेदी और राजदीप गोस्वामी, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप अवस्थी सहित समूचे विद्यालय परिवार मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को विद्यालय की ओर से स्वल्पाहर वितरित किया गया।

# आदिवासी बाहुल्य ग्राम में आदिवासियों पर प्रशासन का कहर

## कड़ाके की ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे पड़े दूधमुहे बच्चे ठंडे पड़े चूल्हे







अमानगंज। कटहरी ग्राम में जो हुआ, वह सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं थी—वह गरीबों के जीवन पर चला बुलडोज़र था। जिन कच्चे-पक्के घरों में कभी रोटियां सिकती थीं, बच्चों की हंसी गूंजती थी, आज वहां मलबा पसरा पड़ा है। चूल्हे ठंडे हैं, दीवारें ज़मींदोज़ हैं और सपने बिखरे पड़े हैं।

दुधमुहे बच्चे, जिनकी दुनिया मां की गोद तक सीमित है, आज कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे ठिठुर रहे हैं। मासूम बालक, जो रोज स्कूल जाने की तैयारी करते थे, आज अपने टूटे बस्ते और किताबों के साथ जमीन पर बैठे हैं। नोनीहाल बच्चों से उनका स्कूल छीन लिया गया, भविष्य छीन लिया गया।

गृहस्थी का सारा सामान—बर्तन, कपड़े, अनाज—सब कुछ मिट्टी में लथपथ है। एक मां अपने बच्चे को सीने से लगाए बैठी है, उसकी आंखों में आंसू नहीं, सवाल हैं—"अब इस ठंड में बच्चों को कैसे बचाएं?"

यह सब हुआ कैन–वेतवा लिंक परियोजना के नाम पर। परियोजना के तहत विस्थापन की जिम्मेदारी निभाने का दावा करते हुए प्रशासन ने केवल मुखिया को 12 लाख रुपये थमा दिए और मान लिया कि कर्तव्य पूरा हो गया। कागजों में पुनर्वास हो गया, लेकिन ज़मीन पर इंसान बेघर हो गए।

सवाल यह है कि— क्या 12 लाख की राशि से दुधमुहे बच्चों की ठिठुरती रातें खरीदी जा सकती हैं? क्या एक चेक से मां की रसोई, बच्चों का स्कूल और गरीब की छत वापस आ सकती है? कटहरी ग्राम आज विकास की कहानी नहीं, बल्कि विस्थापन की त्रासदी बन चुका है। यहां प्रशासन की फाइलें पूरी हैं, लेकिन इंसान अधूरे हैं। यह गांव आज गवाही दे रहा है कि जब योजनाएं बिना संवेदना के लागू होती हैं, तो सबसे पहले मासूम कुचले जाते हैं। कटहरी की रातें आज भी ठंडी हैं... और उन रातों में सोए नहीं, जागते हैं सवाल।

**खबर संक्षेप**

## क्रिकेट के महाकुंभ का फाइनल के साथ हुआ समापन



**नौगांव।** नगर में लगभग एक माह से चल रहे क्रिकेट का महाकुंभ फाइनल के साथ हुआ समाप्त। नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ को हराकर दिल्ली ने फाइनल मैच की ट्राफी पर किया कब्जा बताया जाता है कि फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने चंडीगढ़ टीम को दिया पहाड़ जैसा स्कोर और निर्धारित 20 ओवरों में 179 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम के खिलाड़ी बल्ले से कोई खास कमाल नहीं दिखा सके और यह मैच 44 रनों से हार गई। टूर्नामेंट कार्यक्रम के मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के अलावा पूर्व सांसद स्व जितेंद्र सिंह की धर्मपत्नी रही। बताया जाता है कि फाइनल विजेता को 50 हजार रुपए नगद और ट्रॉफी दी गई।

## सागर रोड पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक अपने भाई का उपचार कराने के लिए छतरपुर आए हुए थे और जैसे ही वे अस्पताल के समीप अपने वाहन से नीचे उतरे, तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर वाहन को कब्जे में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लखैरी निवासी 50 वर्षीय रामगोपाल शुक्ला, जो प्रसिद्ध कथावाचक लवलेश कृष्ण शास्त्री के मामा थे, सोमवार देर रात अपने भाई के इलाज हेतु सागर रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुँचे थे। परिजनों ने बताया कि जैसे ही रामगोपाल शुक्ला अपनी चार पहिया गाड़ी से उतर रहे थे, तभी सागर की ओर से कानपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक एपी 39 टी 7987 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें रौंद दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही लवलेश कृष्ण शास्त्री भी मौके पर पहुँचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे ट्रक का पीछा किया और बस स्टैंड के समीप घेराबंदी कर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने संशोधित आदेश जारी कर घोषित किया स्थानीय अवकाश

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने वर्ष 2026 के लिए छतरपुर जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए थे। जिसमें जिले में 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 5 मार्च को भाईदूज (होली) एवं 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस पर संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था। कलेक्टर ने संशोधित आदेश जारी कर 15 जनवरी के स्थान पर 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति एवं पोंगल पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। शेष 2 अवकाश यथावत रहेंगे।

## जिला रजिस्ट्रार ने न्यायालय परिसर को गंदा करने वालों पर लगाया जुर्माना

**छतरपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह के निर्देशों के पालन में जिला न्यायालय परिसर की गरिमा एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह गुर्जर द्वारा मंगलवार को महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। न्यायालय परिसर में गुटखा सेवन कर थूक कर न्यायालय की संपत्ति को गंदा करने के आरोप में पर दो व्यक्तियों को दोषी पाया गया गया।

# नौगांव तोरण द्वार हादसा

# नपा सीएमओ और उपयंत्री तत्काल प्रभाव से निलंबित, ठेकेदार पर होगी एफआईआर

**छतरपुर/नौगांव।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नौगांव के निर्माणाधीन तोरण द्वार गिरने की घटना पर त्वरित संज्ञान लेकर जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा जांच उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें सीएमओ आरएस अवस्थी एवं गगन सूर्यवंशी उपयंत्री को उक्त घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए एवं पर्याप्त नियंत्रण न होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उल्लेखनीय है कि विगत शुक्रवार को नौगांव स्थित धौर्रा मन्दिर के समीप निर्माणाधीन तोरण द्वार का काम चल रहा था। जिसके गिरने से 4 मजदूर दब गए थे। जिसमें से एक मजदूर राममिलन पिता गोरेलाल बुनकर निवासी करारागंज की मृत्यु हो गई है और तीन घायल भानु कुशवाहा, धर्मेंद्र अहिरवार नौगांव में उपचाररत हैं और संतु अहिरवार जिला अस्पताल में रैफर किया गया था। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संवदेनशीलता दिखाते हुए तत्काल रूप से मृतक के परिवार को 20 हजार रुपए की रेडक्रॉस सोसायटी से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है और घायलों को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की थी। साथ ही उक्त निर्माणाधीन तोरण द्वार के



धराशाई होने, गुणवत्ता एवं निर्माण एजेंसी के संबंध में जांच दल का गठन किया था। जांच में निर्माणाधीन स्वागत द्वार के धराशायी होने की घटना के प्रथम दृष्टया साईट इलेक्ट्रीकल इंजीनियर द्वारा सिविल वर्क कराया जाना पाया गया है, जो उक्त कार्य क्षमता अथवा विशेषज्ञ नहीं है साथ ही घटना के दौरान मौके पर अनुपस्थित रहे। ठेकेदार द्वारा पूर्ण सावधानी तथा सुरक्षा उपायों के बिना 7 मीटर की ऊचाई पर मजदूरों से कार्य कराकर मजदूरों की जान जोखिम डाली गई। परिणामस्वरूप एक मजदूर राममिलन पिता गोरेलाल बुनकर उम्र 25 वर्ष लगभग करारागंज की मौके पर मलबे में दबने से दुखद मृत्यु हुई, तथा अन्य 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल ईलाजरत हैं। कलेक्टर ने संयुक्त दल अनुभाग नौगांव द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार ठेकेदार प्रो. रमेश विश्वकर्मा तनय नाथूराम विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 14 नौगांव के विरूद्ध थाना नौगांव में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहसीलदार रमेश कौल को अधिकृत किया है। वहीं नौगांव के नगर पालिका सीएमओ आरएस अवस्थी एवं गगन सूर्यवंशी उपयंत्री को उक्त घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए एवं पर्याप्त नियंत्रण न होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**सूक्ष्म वित्त संस्थानों के प्रभाव पर किया शोध, जिले के आर्थिक उत्थान हेतु सुझाए महत्वपूर्ण मार्ग**

## महेश रावत को राज्यपाल ने प्रदान की डॉक्टरेट की उपाधि

**छतरपुर। शहर के एक उभरते हुए विद्वान ने वाणिज्य विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। राजधानी भोपाल में आयोजित एक भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान उन्हें यह शैक्षणिक उपलब्धि प्रदान की गई। शोधार्थी ने अपने अध्ययन के लिए छतरपुर जिले के उन समुदायों को चुना जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, और यह विश्लेषण किया कि कैसे लघु ऋण प्रदान करने वाली संस्थाएं इन लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में सहायक हो सकती हैं।**



महेश रावत, जो छतरपुर में वर्षों से महेश सर कॉमर्स क्लासेस का संचालन कर रहे हैं, को 10 जनवरी 2026 को आईईएस विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में हाशिए पर रहने वाले लोगों के आर्थिक जीवन पर सूक्ष्म वित्त संस्थानों के प्रभाव का अध्ययन विषय पर डॉक्टर स्वाति जैन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। शैक्षणिक जगत में उनकी सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके अब तक 21 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। लेखन के क्षेत्र में भी वे काफी अग्रणी रहे हैं; उन्हें 26 जनवरी को इच्छा शक्ति एवं इसके महानायक पुस्तक के लेखन हेतु कलेक्टर द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। उनकी कविताओं मैं धर्म हूँ और बचपन को भी साहित्य प्रेमियों द्वारा काफी सराहा गया है। इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों और परिजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## रूस से आए पर्यटकों के दल ने किए बालाजी के दर्शन

### बागेश्वर महाराज ने दिया आशीर्वाद, जय श्री राम, सन्यासी बाबा की जय के गूंजते रहे नारे

**छतरपुर। पूरी दुनिया में आस्था का केंद्र बन चुके बागेश्वर धाम में विदेश से भी बड़ी संख्या में लोग बालाजी के दर्शन करने और महाराज जी का आशीर्वाद लेने आ रहे हैं। रूस से आए पर्यटकों के एक दल ने बालाजी के दर्शन करते हुए महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। बागेश्वर महाराज ने सबको स्वस्थ और प्रसन्न रहने का आशीर्वाद दिया। इसी बीच पर्यटक दल जय श्री राम और सन्यासी बाबा की जय के नारे उद्घोषित करता रहा।**



रूस से आए एक दर्जन से अधिक महिला पुरुषों ने बालाजी के दर्शन किए। प्रधान पुजारी प्रदीप महाराज ने गाइड के माध्यम से पर्यटकों को बालाजी की महिमा एवं सन्यासी बाबा की सिद्धियों के बारे में विस्तार से बताया। पर्यटक दल ने सनातन परंपरा को गहराई से समझने का प्रयास किया। पर्यटक दल ने जब बागेश्वर महाराज से भेंट की तो उन्होंने अपने जीवन संघर्ष और साधना यात्रा की प्रेरणादाई कथा से अवगत कराया। महाराज श्री द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं सनातन की परंपरा आगे बढ़ाने के संबंध में किए जाने वाले कार्यों से भी वे अवगत हुये। धाम में समाज सेवा, धर्म सेवा, अन्न सेवा, पर्यावरण सुरक्षा जैसे विभिन्न विषयों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। महाराज श्री ने सभी पर्यटकों को सन्यासी बाबा की सिद्ध अभिमंत्रित भभूत दी। पर्यटकों ने बागेश्वर बालाजी भगवान की जय, सन्यासी बाबा की जय के नारे लगाए।

**बागेश्वर धाम में खुलेगा गुरुकुल, मिलेगी सनातनी शिक्षा**

## सातवें कन्या विवाह महोत्सव में शुरू होगा वेद विद्यालय



**छतरपुर। सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम अब सिर्फ आध्यात्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं रहेगा बल्कि सनातन की शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। बागेश्वर धाम में इसी वर्ष फरवरी में आयोजित हो रहे सप्तम कन्या विवाह महोत्सव के अवसर पर गुरुकुलम का शुभारंभ होगा। बनारस से विद्वान शिक्षकों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी दी जा रही है।**

एक सूक्ति में कहा गया है विदेशेषु धनं विद्या अर्थात यदि आप अपने घर से बाहर है और आपके पास अर्थ नहीं है मगर आप विद्या से युक्त है तो वही विद्या आपको हर परिस्थिति में अर्थ उपलब्ध कराएगी। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने घोषणा की कि इस वर्ष से बागेश्वर धाम में वेद, पुराण, रामायण, महाभारत, गीता जैसे ग्रंथों को पढ़ाने के लिए गुरुकुलम की शुरुआत की जा रही है। बटुक ब्राह्मणों के माध्यम से बागेश्वर धाम में वेद मंत्र गूंजेंगे। महाराज श्री कहते हैं कि भोजन, पानी और धन का का सहारा एक निश्चित समय तक मिलेगा लेकिन यदि विद्या का दान दिया जाएगा तो वह व्यक्ति के जीवन भर काम आएगी।

### भावी पीढ़ी को बनाना है संस्कारवान, ज्ञानवान

बागेश्वर महाराज कहते हैं कि मस्तक पर तिलक धारण करने से लेकर शिखा बंधन और माता-पिता, गुरु, भगवान को प्रणाम करने जैसे संस्कार हमें सनातनी विद्या से ही मिल सकेंगे। लोगों के मन में सवाल आता है कि आखिर हम यज्ञ क्यों करें, मंत्र का जप क्यों करें, धर्म के कार्यों में क्यों संलग्न हो इन सभी सवालों का जवाब गुरुकुलम शिक्षा से ही प्राप्त हो सकेगा। तिलक का महत्व यज्ञ और सनातन परंपराओं की विधियां गुरुकुलम से आसानी से बच्चों तक पहुंचेंगी। आने वाली पीढ़ी को ज्ञानवान बनाने के साथ-साथ संस्कारवान बनाना भी नितांत आवश्यक है।

### काशी के प्रकांड विद्वान देंगे गुरुकुल में शिक्षा

बागेश्वर महाराज ने गुरुकुलम स्थापना के संबंध में अवगत कराया कि प्रारंभ में तीन-चार कमरों में इसका शुभारंभ किया जाएगा। धीरे-धीरे गुरुकुलम का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि गुरुकुलम के लिए शिक्षकों का चयन कर लिया गया है। काशी के विद्वान पंडितो द्वारा बच्चों को वैदिक विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। गुरुकुलम के माध्यम से वैदिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक शिक्षा भी दी जाएगी ताकि समाज के भीतर फैलने वाली कुरीतियों को रोका जा सके।



## वन्य जीवों से फसल क्षति होने पर मिलेगा मुआवजा

### छतरपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों को मिलेगा सीधा लाभ

**छतरपुर। राज्य सरकार ने कृषि बीमा नियमों में ऐतिहासिक सुधार करते हुए खरीफ सत्र 2026 से वन्यजीवों द्वारा फसलों को पहुँचाए जाने वाले नुकसान को भी बीमा सुरक्षा के दायरे में शामिल कर लिया है। अब तक इस प्रकार की क्षति बीमा के अंतर्गत नहीं आती थी, जिससे कृषकों को भारी आर्थिक आघात सहना पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत अब खेतों में जलभराव और जंगली पशुओं के हमले से होने वाले नुकसान का आकलन व्यक्तिगत स्तर पर किया जाएगा।**

छतरपुर जिले के गौरिहार, चंदला और लवकुशनगर जैसे क्षेत्रों में नीलगाय और जंगली जानवरों के आतंक से जूझ रहे कृषकों के लिए यह निर्णय वरदान सिद्ध होगा। संशोधित ढांचे के अनुसार, राज्य सरकारें फसलों को हानि पहुँचाने वाले पशुओं की सूची आधिकारिक रूप से जारी करेंगी और प्रभावित क्षेत्रों की पहचान पुराने आंकड़ों के आधार पर की जाएगी। इस प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कृषकों को फसल क्षति के बहत्तर घंटों के भीतर चलित मोबाइल ऐप पर भौगोलिक पहचान वाली जियो-टैग फोटो के साथ सूचना देनी अनिवार्य होगी। इसके पश्चात राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यक्तिगत खेत स्तर पर सत्यापन करेंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर सहायता राशि सीधे कृषक के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अतिरिक्त सुरक्षा के लिए कृषकों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा, बल्कि इसका संपूर्ण व्यय भार राज्य सरकार स्वयं वहन करेगी।

## बिजावर डिग्री कॉलेज में अव्यवस्थाओं का अंबार

### संसाधनों और डिप्लोमा कोर्स के अभाव में घट रही छात्रों की संख्या

**बिजावर।** नगर का शासकीय डिग्री कॉलेज वर्तमान में घोर अव्यवस्थाओं और शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण स्थानीय विद्यार्थियों का रुझान इस संस्थान से कम होता जा रहा है। विज्ञान संकाय शुरू होने के बावजूद प्रयोगशालाओं में पर्याप्त संसाधनों का अभाव और खेल गतिविधियों के पूरी तरह ठप होने से छात्र निजी कॉलेजों या शहर से बाहर जाने को विवश हैं। इसके अतिरिक्त, नवीन भवन की स्थिति और एकांत मार्ग पर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बनी हुई हैं, जिससे कॉलेज की गरिमा और छात्र संख्या दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्राप्त



जानकारी के मुताबिक इस महाविद्यालय की स्थापना लगभग 39 वर्ष पूर्व वर्ष 1987 में हुई थी, लेकिन वर्तमान सत्र 2025-26 में यहाँ कुल विद्यार्थियों की संख्या सिमटकर मात्र 475 रह गई है। स्थिति यह है कि कला संकाय में तो विद्यार्थी हैं, परंतु तीन साल पहले शुरू हुए विज्ञान संकाय के प्रति छात्रों का मोहभंग हो रहा है; इस वर्ष प्रथम वर्ष में केवल 19 छात्रों ने ही प्रवेश लिया है। शैक्षणिक स्टाफ की बात करें तो यहाँ केवल तीन स्थाई प्राध्यापक (हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास) ही पदस्थ हैं, जबकि शेष व्यवस्था अतिथि विद्वानों के भरोसे है। भौतिक शास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्राध्यापक का पद महीनों से रिक्त पड़ा है, जिससे विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालांकि प्रभारी प्राचार्य आर.आर. परते का कहना है कि रिक्त पदों हेतु पत्राचार किया गया है और स्नातकोत्तर कक्षाओं की मान्यता मिलने से छात्र संख्या बढ़ने की उम्मीद है, परंतु जब तक पुराने डिप्लोमा कोर्सों को पुनः बहाल नहीं किया जाता और रिक्त पदों की पूर्ति नहीं होती, तब तक सुधार की संभावना क्षीण नजर आती है।

## हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से खौफ में पीड़ित परिवार




### आरोपी दे रहे धमकी, कलेक्टर से लगाई सुरक्षा की गुहार

**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनकारी में पिछले दिनों हुए विवाद में घायल हुए किसान की मौत के बाद अब उनका परिवार दहशत के साये में जीने को मजबूर है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण वे खुलेआम हथियारों के साथ गांव में घूम रहे हैं और शिकायत वापस न लेने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर अपनी सुरक्षा और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। मनकारी निवासी हृदेश पटेल ने बताया कि यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब वे लोग हैंडपंप निकाल रहे थे। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जब उसके पिता राकेश पटेल ने इसका विरोध किया, तो आठ लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में राकेश पटेल को ग्वालियर ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि महाराजपुर पुलिस इस मामले में ढुलमुल रवैया अपना रही है। पकड़े गए आरोपियों में से भी कुछ को छोड़ दिया गया है। वर्तमान में आरोपी हरनारायण, राघवेंद्र, शिवम, अंशुल और अंकित जैसे आरोपी फरार हैं, जो हाथ में कट्टा लेकर परिवार को धमका रहे हैं कि यदि राजीनामा नहीं किया, तो उनका भी वही हश्र होगा जो उनके पिता का हुआ है। परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि यदि समय रहते कड़ी कार्यवाही नहीं हुई, तो गांव में एक और बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## विश्वविद्यालय का परीक्षा केंद्र बना अखाड़ा

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बीएड की परीक्षा के दौरान एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहाँ परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्थाओं को लेकर हुए विवाद के बाद केंद्र प्रभारी ने छात्रों के साथ मारपीट कर दी। परीक्षा देने आए भविष्य के शिक्षकों और केंद्र प्रभारी के बीच तीखी झड़प इतनी बढ़ गई कि शिक्षा का मंदिर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित बीएड परीक्षा के दौरान छात्र कुप्रबंधन और असुविधाओं को लेकर केंद्र प्रभारी से शिकायत कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि संवाद के दौरान बात बिगड़ गई और केंद्र प्रभारी ने अपना आपा खोते हुए छात्रों पर हाथ उठा दिया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह शैक्षणिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर छात्रों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की जा रही है। पीड़ित छात्रों का आरोप है कि उन्हें न केवल शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया,



बल्कि उनके भविष्य को लेकर धमकियां भी दी गईं। इस गंभीर मामले के प्रकाश में आने के बाद अब विश्वविद्यालय प्रशासन जांच और दोषियों पर कार्रवाई की बात कह रहा है, लेकिन अभी तक किसी भी ठोस दंडात्मक कदम की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी अभद्रता का वीडियो बना लिया, जो अब सार्वजनिक रूप से चर्चा का विषय बना हुआ है और छात्र समुदाय में इसे लेकर भारी असंतोष व्याप्त है।

**अधीक्षक बोले- छात्र ने दिया माफीनामा**

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में परीक्षा बैठक व्यवस्था एवं प्रवेश के दौरान मारपीट से जुड़ी घटना के संबंध में प्रथम पाली अधीक्षक डॉ अशोक निगम एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ आरएस सिसौदिया ने बताया कि बीएड के छात्र राहुल अहिरवार द्वारा इस संबंध में माफीनामा दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### वीडियो कान्फ्रेंसिंग से होने वाली समीक्षा बैठक स्थगित

रीवा। मुख्य सचिव अनुराग जैन की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बैठक 15 जनवरी को आयोजित की जानी थी। बैठक की आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जल गुणवत्ता जांच संबंधी प्रशिक्षण

रीवा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत विकासखण्ड रीवा में जल जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में जल गुणवत्ता परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 42 ग्रामों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण दिया गया। शुद्ध पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना तथा जल जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को किट का वितरण किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को किट के उपयोग, जल परीक्षण की प्रक्रिया, दूषित जल की पहचान तथा जांच परिणामों को समझने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ दी सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एफटीके यूजर रजिस्टेशन भी कराया गया। जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ जल का महत्व बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक करके जल जनित बीमारियों के बारे में प्रशिक्षण में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समन्वय विनय शंकर मिश्र, रसायनज्ञ गीता द्विवेदी, विकासखण्ड समन्वय, अमित मिश्र तथा पीएमयू शाखा के विनय पाण्डेय एवं उपेन्द्र मिश्र उपस्थित रहे।

### स्वच्छ जल अभियान के तहत शहर में वॉटर टेस्टिंग की सतत कार्रवाई जारी

रीवा। जल सुरक्षा एवं जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत 10 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के परिपालन में नगर पालिक निगम रीवा द्वारा शहर में जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वॉटर टेस्टिंग अभियान निरंतर रूप से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन शहर की उच्च स्तरीय टंकियों से पानी के सैंपल लेकर वॉटर टेस्टिंग की जा रही है, आज 13 जनवरी को भी लैब टेस्ट रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। इसके अलावा ऑन-फील्ड स्तर पर भी नियमित सैंपलिंग कराई जा रही है, जिसके लिए अमृत मित्रों के अतिरिक्त विशेष टीमों को तैनात किया गया है। आज वार्ड 02, 03,04,08,10,12,13, 26,28 36 एवं 38 में सैंपल का ऑनफील्ड टेस्ट कराया गया।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का होगा आयोजन

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवसः कलेक्टर

**रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने गणतंत्र दिवस के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में प्रातः 9 बजे आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एसएएफ, जेल, स्काउट गाइड, एनसीसी आदि के द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी।**




समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का टाउन हाल में आयोजन किया जाएगा। इसमें चित्र प्रदर्शनी तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन होगा। सभी तहसीलों, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित कराएं। समस्त कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 7 बजे से 8 बजे के मध्य होगा। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय भवनों को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। रात में इनमें रोशनी की जाएगी।

गणतंत्र दिवस में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को की जाएगी। मुख्य समारोह में बैठक व्यवस्था, पण्डाल, साउण्ड सिस्टम, मंच सज्जा, पुरस्कार वितरण पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था तथा अन्य समस्त व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वज संहिता का पालन करते हुए ध्वजारोहण कराएं। मुख्य समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ देने के निर्देश दिए गए हैं। इसका चयन गठित समिति द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए उत्कृष्ट कार्यों के उल्लेख के साथ 22 जनवरी तक जिला पंचायत कार्यालय में प्रस्ताव प्रस्तुत कर दें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं जिले के सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कागजों में चल रहा अभियानः 17 हजार 12 बच्चे अति कुपोषित, एनआरसी में भेजकर की जा रही मॉनीटरिंग



### जिले की 24 सौ आंगनवाड़ी केंद्रों में 1 लाख 65 हजार 642 बच्चे रजिस्टर्ड, परियोजना अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

**रीवा।** कुपोषण को मिटाने के लिए सरकार हर महीने करोड़ों की राशि खर्च की जाती है लेकिन यह सब ढाक के तीन पारत ही सबित हो रहे है। इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है आलम यह है कि जिले में लगतार कुपेषित और अतिकुपोषित बच्चें की सख्या में इजाफा हो रह है। जबकी लगातार अधिकारियों के द्वारा इसकी मानीटरिंग भी की जती है इसके बाद भी हालात में काई सुधार नहीं हो रहा है। कुपोषण दूर करने के उद्देश्य से लागू महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं जमीनी स्तर भारी अनियमितताओं और भ्रष्ठचार के चलते मूल उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। इस योजना का लक्ष्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरी बालिकाओं तथा 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को पोषण उपलब्ध कराना है, किंतु जिले के विकासखंडों में जमीनी हकीकत इसके उलट दिख रही है। कुल मिलाकर कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम रीवा जिले में कागजों तक सीमित रह गई है। आलम यह है कि धरातल पर इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन केवल 10 फीसदी ही हो पा रहा है। खास बात यह है कि टीएल पत्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने समीक्षा के दौरान कलेक्टर जिला कार्यक्रम अधिकारी को फटकार भी लगा चुकी हैं, लेकिन हालात में सुधार नहीं दिखा। स्थिति यह है कि जिले के 2400 आंगनवाड़ी केंद्रों में 1 लाख 65 हजार 642 बच्चे रजिस्टर्ड हैं, जिनमें 17 हजार 12 बच्चे अतिकुपोषित पाए गए हैं। जिन्हें एनआरसी में भेजकर मॉनीटरिंग की जा रही है।

### चोरी छिपे बना लिए गए समूह

जिले के त्योंथर, गंगेव, सिरमौर, जवा, सेमरिया, रीवा ग्रामीण में कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने चोरी छिपे समूह बना लिए हैं और उन्हीं समूहों के माध्यम से पोषण आहार योजना का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकत है कि कुपोषण उन्मूलन धरातल पर किस तरह संचालित किया जा रहा है। इससे कुपोषण कलंक मिटे न मिटे, संबंधितों का कायाकल्प जरूर हो रहा है। यही नहीं आंगनबाड़ी में बच्चों को फर्जी उपस्थिति भी दर्ज की जा रही है। वास्तविक और रिकार्ड में दर्ज आंकड़े स्वयं इसकी गवाही देते हैं।

### समूहों के गठन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग के सूत्रों कि कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम का क्रियान्वयन ज्यादातर समूहों के माध्यम से हो रहा है। लिहाजा गरीबी रेखा का कार्ड बनाकर समकक्ष लोगों ने खेल खेलना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि समूचे जिले में स्व सहायता समूहों के गठन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी चल रही है। संपक्ष परिवार गरीबी रेखा के कार्ड बनवाकर समूहों में शामिल हो रहे हैं। ऐसे कई समूह है जिनमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष वर्षों से बदले ही नहीं गए। जबकि प्रत्येक दो साल में समूह के इन पदों पर काम करने वाले लोगों को बदलकर अन्य सदस्य को अवसर देना चाहिए।

### निरीक्षण के नाम पर चल रहा खेल

जिले संचालित ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों में रसोइयों के नाम पर भी हेराफेरी की जा रही है। बताया जाता है कि मौके पर काम करने वाली महिला कोई और होती है, जबकि रिकार्ड में नाम किसी और का दर्ज किया जाता है। इसमें विभाग की पर्यवेक्षकों की भी सह रहती है। मानदेय में भी बंदरबांट किए जाने की जानकारी निकलकर सामने आ रही है। कई केंद्रों में ताले लटक रहे हैं, लेकिन कागजों में सब कुछ ठीक ठाक दिखाया जा रहा है। यह सब तब चल रहा है, जब विभाग के अधिकारी और पर्यवेक्षक निरीक्षण के नाम पर डीजल और भी उठा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित अन्य योजनाओं का भी यही हाल है। विभाग के अनुसार शहरी परियोजना को छोड़कर अन्य सभी परियोजनाओं में कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना एवं गर्भवती माता के पंजीयन जैसे कार्यक्रम कागजों में सिमटकर रह गए हैं। कलेक्टर की नाराजगी का असर यह पड़ा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दिसंबर माह के वेतन पर रोक लगा दिया है। इसमें सबसे ज्यादा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही प्रभावित होंगी।

## बिरला आईटीआई रीवा में रोजगार मेला 21 जनवरी को



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत बिरला आईटीआई रीवा में 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं , स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में लार्सन एण्ड टूर्वो लि. बेंगलूरू, रिन्यू फोटो वॉल्टाई सीएस प्रा. लि. अहमदाबाद गुजरात, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, सिटी कार प्रा. लि. सतना, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा, आमधनी आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, आमधनी बजाज आटो लिमि. चाकन/औरंगाबाद, आमधनी कल्पतारू प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लि. गांधी नगर गुजरात, ब्राम्हादेवी इंजीनियरिंग इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, मदर सन आटोमोटिव लि. अहमदाबाद, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा. लि. लखनऊ, जिंदल पाइप्स गाजियाबाद, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा तथा बजाज फाइंनेन्स प्रा. लि. रीवा की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## जल सुनवाई में नगर पालिक निगम रीवा में प्राप्त शिकायतों का किया गया निराकरण



**रीवा।** आमजनता को साफ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में जल सुरक्षा-जल संरक्षण तथा जल सुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य पेयजल स्त्रोत से लेकर आमजनता के घर तक पहुंचने पर उसकी शुद्धता बनाए रखना है। नलजल योजनाओं की पाइपलाइन में लीकेज में सुधार तथा हैण्डपंपों में सुधार के कार्य तत्परता से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पेयजल के स्त्रोत की पानी की जाँच करने के लिए चिन्हित दल घर-घर जाकर पेयजल के नमूने ले रहे हैं। नगर पालिक निगम रीवा में जल सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया गया। जल सुनवाई में वार्ड क्रमांक 5 बिछिया प्रधानमंत्री आवास के पीछे लाइन लीकेज की शिकायत को सुधारा गया तथा वार्ड क्रमांक 15 संजय नगर में शमा ब्यूटी पार्लर के सामने लाइन लीकेज की शिकायत पर सुधार का कार्य कराया गया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 27 में गुढ़ चौराहा में डॉ. परौहा द्वारा पाइपलाइन लीकेज की शिकायत पर नगर निगम द्वारा मरम्मत की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 10 में शिवमोहन सिंह ने पानी के बिल के गलत आने की शिकायत की जिस पर नगर निगम की जल कर शाखा द्वारा परीक्षण कराया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 43 नर्मदा नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने शशि शुक्ला के घर से अनिल पाण्डेय के घर तक पाइपलाइन न होने एवं वार्ड क्रमांक 10 निवासी सुरेन्द्र मिश्रा एवं मोहल्लावासियों ने अजगरहा स्कूल के पास पाइपलाइन न होने की मांग की जिसे नई पाइपलाइन डालने के प्रस्ताव पर शामिल किया गया।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए उचित प्रयास करें: कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन तथा पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए संभाग के सभी जिलों में उप संचालक कृषि अन्य विभागों के सहयोग से कार्ययोजना बनाएं। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का चिन्हांकन तथा पंजीयन कराकर इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था करें। कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों से प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रशिक्षण दिलाएं। प्राकृतिक तथा जैविक विधि से ली गई अनाज, सब्जी एवं फलों की फसल के प्रमाणीकरण और विपणन की भी समुचित व्यवस्था करें। प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही हम अपना और अपनी माटी का स्वास्थ्य सुधार सकते हैं। प्राकृतिक खेती को अपनाने पर गौपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक खेती गौवंश पर ही आधारित है। कमिश्नर ने कहा कि खाद के वितरण के लिए 15 जनवरी तक ई टोकन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दें। किसानों को ई टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं। क्षेत्रीय प्रबंधक विपणन संघ रीवा जिले के लिए यूरिया खाद की रैक की तत्काल मांग करें। उपलब्ध खाद की किसानों को हर दिन जानकारी दें। नरवाई प्रबंधन के लिए भी समुचित उपाय करें। आगामी फसल में जिलों में उन्हीं हार्वेस्टर को प्रवेश दें जिनके साथ स्ट्रारीपर लगा हुआ हो। बिना स्ट्रारीपर हार्वेस्टर पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही कराएं। नरवाई जलाने वाले किसानों पर भी जुर्माने की कार्यवाही करें। किसानों को हैप्पी सीडर तथा सुपर सीडर जैसे उपकरणों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। संभाग के सभी जिलों में किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए कृषि रथ भ्रमण कर रहे हैं। इन रथों के भ्रमण का प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि कामधेनु योजना से बैंकों में लंबित प्रकरण स्वीकृत कराकर इसका वितरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने मत्स्य संपदा योजना, फिशपार्लर की स्थापना, एक जिला एक उत्पाद के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मछलीपालन डॉ अंजना सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चार बड़े बकायादारों द्वारा किया गया मौके पर भुगतान

### संपत्तिकर वसूली में सख्ती, नगर निगम टीम द्वारा कुर्की कार्रवाई निरंतर जारी

**रीवा। निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा की राजस्व टीम ने संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम सूचना के बाद भी भुगतान न करने पर चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम आज बड़े बकायादारों के विरुद्ध अंतिम सूचना के पश्चात भी भुगतान न होने पर निगम द्वारा मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की गई। वसूली अभियान को तेज करते हुए आज जोन क्रमांक 01 में 3 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जिसमें सभी बकायादारो द्वारा मौके पर राशि जमा की।**



जोन क्रमांक 01 में कुर्की की कार्यवाही के दौरान तेजभान सिंह बकाया राशि 55264 रू. नकद जमा किया गया, इसी प्रकार सरोज देवी बकाया राशि 68013 रू., प्रीतू सिंह बकाया राशि 87068 रू. मौके पर चेक के माध्यम से नगर निगम कोष में जमा कराया गया। इसके साथ ही जोन क्र. 02 में तालाबंदी कार्यवाही के दौरान व्यावसायिक एरिया पलहान हाउस में बकायादार शान्ती सिंह पति राजबहादुर सिंह का बकाया राशि 1 लाख 85 हजार था जिसे राजस्व दल द्वारा कार्यवाही के दौरान मौके पर जमा कराया गया। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा न होने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए थे। निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी भुगतान न करने पर कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बड़े बकायादारों के विरुद्ध इस प्रकार की कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के अंतर्गत देयक एवं धारा 174 के अंतर्गत मांग-पत्र तथा अंतिम सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित करदाताओं को बार-बार सूचित किया जाता रहा है। इसके बावजूद जिन संबंधित व्यक्तियों द्वारा निर्धारित राशि नही जमा किया जा रहा है उन पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अध्याय 12 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार, संपत्तिकर की वसूली हेतु नगर निगम को चल एवं अचल संपत्तियों के अधिहरण/आसेध की जावेगी। नगर निगम रीवा आम नागरिकों एवं संपत्तिधारकों से अपील करता है कि वे समय पर अपना संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर नगर के विकास कार्यों में सहभागी बनें।

## जनसुनवाई में 125 आवेदकों के प्राप्त हुए आवेदन



### ऐतला ग्राम वासियों ने नहर में जबरन रास्ता निर्माण कराये जाने पर रोक लगाने का दिया आवेदन

रीवा। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में 125 आवेदकों ने अपनी शिकायतों/समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में ऐतला ग्राम वासियों ने नहर में निर्माणाधीन रास्ता का कार्य रोके जाने का आवेदन दिया जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शिवेश चौरसिया खुटेही के अनाधिकृत कब्जा हटाने, रामविश्वास दाहिया नौवस्ता के अवैध कब्जा हटाने, विनोद कुमार शर्मा उमरी के अवरूद्ध रास्ता को खोलने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार कुत्ता काटने से हुई आप्रकृतिक मौत पर स्व. कमलेश के परिजन बेवा गुड़िया के आर्थिक सहायता के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को प्रकरण का परीक्षण करने तथा लूक निवासी रामनरेश द्विवेदी के कच्चा मकान के गिर जाने पर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने के आवेदन पर तहसीलदार जवा को अविलंब सर्वेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। हिनौता निवासी गंगा प्रसाद तिवारी के भू अभिलेख में सुधार के आवेदन पर एसडीएम सिरमौर को, पिपरवार निवासी पुष्पा पटेल एवं कल्पना पटेल के खसरा रिकार्ड में इस्तलाबी के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को, घोघर निवासी वीरेन्द्र सोंधिया के अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को, अमवा निवासी रामकलेश साकेत के बिजली बिल में सुधार के आवेदन पर विद्युत मंडल को तथा अकौरी निवासी रामपाल शुक्ला द्वारा उपार्जन के स्लाट बुकिंग की तिथि बढ़ाये जाने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये गये। संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने भी आवेदकों की शिकायतें सुनीं।

## करंट की चपेट में आये घायल युवक को कलेक्टर ने दी राहत राशि

### युवक का अब संजय गांधी अस्पताल में होगा निःशुल्क इलाज

**मऊगंज।** जनसुनवाई के दौरान मंगलवार को गंभीर रूप से घायल एक युवक परिजनों के सहयोग से कलेक्ट्रेट मऊगंज पहुंचा एवं कलेक्टर से सहायता का आग्रह किया। करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल युवक की जानकारी होते ही कलेक्टर स्वयं घायल युवक के पास पहुंचे और हर संभव इलाज कराए जाने का भरोसा दिया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा पीड़ित अजय साकेत को ठंड से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए। कलेक्टर ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मौके पर ही पीड़ित को 20 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। गौरतलब है अजय साकेत पिता इंद्रलाल साकेत निवासी मिसिरगवां जिला मऊगंज जो हरियाणा की एक निजी कंपनी में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से बीते माह गंभीर रूप से घायल हो गया था। कंपनी द्वारा पूरा उपचार करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन जब घायल का उपचार नहीं हुआ तो मंगलवार को गंभीर रूप से घायल युवक जो पूर्ण चलने फिरने में असमर्थ हो चुका है अपने पत्नी एवं दो छोटे बच्चों सहित परिजनों के सहयोग से कलेक्ट्रेट पहुंच और मदद की गुहार लगाई। युवक की समस्या जान कलेक्टर पीड़ित से मिले और दवा करने का जहां आश्वासन दिया वहीं उन्होंने कहा कि हर संभव सहायता की जाएगी। मौके पर ही कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ रीवा एवं बीएमओ मऊगज को निर्देशित करते हुए कहा कि घायल युवक को संजय गांधी अस्पताल रीवा में बेहतर इलाज हेतु भर्ती कराया जाए।

